कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
व्यवस्थापन 'क' वर्ग
लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड, देहरादून
Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand
Phone & Fax:- 0135-2530467,2530431 Web- http:/govt.ua.nic.in/pwd E-Mail-eicpwduk@nic.in

पत्रांक: 626 / 34व्यक–स्थानान्तरण–सा0 / 22 दिनांक 29 / 04 / 2022

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता,
क्षेत्रीय / रा0मा0 / विश्व बैंक /
पी0एम0जी0एस0वाई0 / ए0डी0बी0,
लोक निर्माण विभाग,
देहरादून / अल्मोड़ा / हल्द्वानी / पौड़ी।

विषयः– एच0आर0एम0एस0 पोर्टल पर कार्मिकों के सेवा विवरण संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– इस कार्यालय का पत्र सं0–591 / 34व्यक–स्थाना0–सा0 / 22 दि0 26.04.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। सन्दर्भित पत्र द्वारा पूर्व में चिन्हित सुगम / दुर्गम कार्यालयों के अन्तर्गत कतिपय कार्मिकों की तैनाती समतुल्य दुर्गम / सुगम कार्यालयों के कार्यक्षेत्र अथवा मुख्यालयों के अन्तर्गत होने के फलस्वरूप ऐसे तैनात कार्मिकों एवं 7000 फीट से अधिक ऊंचाई के मुख्यालयों पर तैनात कार्मिकों की सुगम / दुर्गम सेवा अवधि गणना किये जाने हेतु समूह–क / ख / ग के अधिकारियों / कर्मचारियों के सम्बन्ध में नवीन सुगम / दुर्गम कार्यालय / कार्यस्थल का अतिरिक्त चिन्हीकरण कर उक्त सूची लोक निर्माण विभाग की वेबसाईट पर प्रकाशित की जा चुकी है।

अतः उक्त चिन्हीकरण पश्चात् जिन कार्मिकों के सेवा विवरणों में संशोधन की आवश्यकता हो, ऐसे कार्मिकों के सेवा विवरण संशोधित किये जाने हेतु उनकी सेवा पुस्तिका / सेवा अभिलेखों से सत्यापन करने के पश्चात् सम्बन्धित के एच0आर0एम0एस0 डाटा अनलॉक करने हेतु अनुरोध पत्र इस कार्यालय को तीन दिन के अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने हेतु अपने अधीनस्थ कार्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें। उक्त अनुरोध निम्न e-mail id पर प्रेषित किये जाएँः– nimisingh.pwd@uk.gov.in

संलग्नः–यथोपरि।

(अशोक कुमार)
मुख्य अभियन्ता (अधिष्ठान)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख अभियन्ता महोदय के संज्ञानार्थ।
2. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
3. समस्त वरिष्ठ स्टाफ आफिसर, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
4. समस्त अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
5. अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून को पत्र वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. मुख्य / वरिष्ठ / प्रशासनिक अधिकारी, व्यवस्थापन–ख / ग / घ / कार्य प्रभारित वर्ग, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।

29/4/22
मुख्य अभियन्ता (अधिष्ठान)